>

Title: Need to provide financial assistance to farmers who suffered loss due to heavy rains in Osmanabad Parliamentary Constituency, Maharashtra -laid.

श्री ओम पवन राजेनिंबालकर (उस्मानाबाद): मेरा संसदीय क्षेत्र उस्मानाबाद मराठवाड़ा के सीमावर्ती इलाके में आता है । गत वर्ष यहां पर भारी मात्रा में बारिश हुई और किसानों को खेती की बड़ी हानि हुई है और ड्रिप इरिगेशन और कृषि में उपयोग किये जाने वाले यंत्र जो काफी महंगे थे नदी के पानी में बह गए है, साथ ही बिजली गिरने से बहुत से किसानों के पशु भी मर गये और कुछ नदी के पानी में बह गये, किसान इनको फिर से खरीदने की हालत में नहीं है । इस भयावह स्थिति से लेकर अभी तक इन प्रभावित किसानों को केन्द्र सरकार से कोई भी मदद नहीं मिली है और न ही इसके लिए कोई घोषणा की गई है और प्रत्यक्ष रूप से किसी भी प्रकार की मदद किसानों को प्राप्त नहीं हुई है । मैं सरकार को अवगत कराना चाहता हूं कि एक ओर मेरे चुनाव क्षेत्र में किसान पहले से ही आत्महत्या जैसे समस्याओं से घिरा हआ है और दूसरी ओर कोरोना जैसी महामारी से लड़ रहा है, तीसरी ओर भारी वर्षा के कारण उनके खेत, औजार, पशु वर्षा की भेंट चढ़ गये । इस स्थिति में केन्द्र सरकार का दायित्व बनता है कि वह आगे आकर किसानों की मदद करें । एन.डी.आर.एफ. के तहत 2 हेक्टेयर जमीन वाले किसानों को ही मदद मिलती है इससे ज्यादा जमीन वाले किसानों को एन.डी.आर.एफ. के तहत कोई मदद नहीं दी जाती है । अत: 2 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन वाले किसानों को भी 2 हैक्टेयर पर सहायता दिये जाने की जरूरत है । अत:, मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह अपने दायित्वों का सही से निर्वाह कर एन.डी.आर.एफ. के तहत मेरे संसदीय क्षेत्र में 2 हेक्टेयर और इससे ऊपर जमीन वाले किसानों को भी 2 हेक्टेयर जमीन सहायता देने की कृपा करें ।